CMYK

नवलगढ़, चिड़ावा, --झुंझुनूं, सीकर, चूरू, पिलानी

सीमा सन्देश

शेखावाटी सन्देश

जयपुर. शनिवार 18 नवम्बर 2023

संक्षिप्त समाचार

बस्सी माता के जागरण का भव्य आयोजन

सीमा संदेश संवाददाता

बस्सी। विधानसभा क्षेत्र बस्सी में बुधवार 15 नवंबर 2023 को नारायण नगर बस्सी क्षेत्र में माता के जागरण का आयोजन किया गया। साथ में माता की अखंड ज्योति जलाई गई। जागरण आयोजक इफजैन, राजन जैन ने बताया कि माता के जागरण में भजनों की प्रस्तुति दीपक मित्र मंडली के द्वारा दी गई। भजन गायक शिवम शर्मा, रवि, दीपक शर्मा (चावंडीय), दिनेश सोनी आदि गायक कलाकारों ने माता के भजनों से भक्तों को रिझाया भक्त नाचते गाते नजर आए। जागरण में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस मौके पर जगदीश अखरिया, गणेश सोनी, मोना जैन, रितिका, सरोज देवी, दीपक महेन्द्र सोनू आदि श्रोतागण उपस्थित रहे।

विवाहिता चढ़ी टावर पर

बाड़ी (सीमा संदेश संवाददाता)। सदर थाना क्षेत्र के गांव उमरेह में एक विवाहिता जिसकी 6 वर्ष पूर्व शादी हुई थी वह आज मोबाइल के टावर पर चढ़ गई। इस खबर की सूचना मिलते ही डीएसपी महेंद्र कुमार मीणा, थाना प्रभारी विजय सिंह छौकर पुलिस जाप्ते के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। विवाहिता से वातार्लाप किया उसने बताया मैं अपने ससुराल जाना नहीं चाहती नजदीकी रिश्तेदार से मेरा प्रेम प्रसंग चल रहा है उसी के साथ जाना चाहती हैं पुलिस ने ससुरालीजन प्रेमी को बुलाया। काउंसलिंग कराई। इसके बाद मां बाप के साथ विवाहिता को भेज दिया है।

जनता जनार्दन के आशीर्वाद से ही 30 वर्षों की हार, जीत में बदलेगी : घासीलाल

कांग्रेस प्रत्याशी घासी लाल चौधरी का ग्रामीण ने किया भव्य स्वागत

सीमा संदेश संवाददाता

मालपुरा। कांग्रेस प्रत्याशी घासी लाल चौधरी शुक्रवार को मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक ग्रामीण क्षेत्र का दौरा कर जन आशीर्वाद लिया। कांग्रेस प्रत्याशी घासीलाल चौधरी के स्वागत को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भारी उत्साह देखने को मिला। कांग्रेस प्रत्याशी घासी लाल चौधरी का ग्रामीणों ने जगह-जगह माला व साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया साथ ही कहीं जगह ग्रामीणों ने कांग्रेस प्रत्याशी घासीलाल चौधरी को फलों व गुड से तोला तो कहीं जगह घोड़ी पर बैठाकर स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी घासी लाल चौधरी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मालपुरा की राजनीति के चाणक्य डॉ. सुरेन्द्र व्यास, पूर्व मंत्री डॉ. चन्द्रभान, पूर्व उपजिला प्रमुख व प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष रामविलास चौधरी के कुशल राजनैतिक नेतृत्व में सभी कांग्रेसजन एकजुट होकर चुनाव लड रहे है। विधानसभा क्षेत्र में 30 वर्षों से कांग्रेस की हार जनता जनार्दन के आशीर्वाद से ही जीत में बदलेगी।

चौधरी ने कहा कि क्षेत्र की विकास को लेकर 25 तारीख की को कांग्रेस के हाथ के निशान का बटन दबाकर अधिक से अधिक संख्या में वोट डालकर क्षेत्र के विकास में भागीदार बने। चौधरी के साथ मालपुरा के पूर्व उपखंड अधिकारी व पूर्व अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रभाती लाल जाट ने भी कंधे से कंधा मिलाकर कांग्रेस प्रत्याशी घासी लाल चौधरी के पक्ष में अधिक से अधिक संख्या में 25 तारीख को वोट डालने की अपील की। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी घासीलाल चौधरी की धर्मपत्नी सीता देवी ने भी ग्रामीण क्षेत्र का दौरा कर महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस के पक्ष में समर्थन मांगा जिस पर महिलाओं ने अपार समर्थन दिया।

मिडटर्म परीक्षा 28 नवम्बर को

कोटपूतली (सीमा संदेश संवाददाता)। स्थानीय डाबला रोड स्थित राजकीय पाना देवी मोरीजावाला कन्या महाविद्यालय में स्नातक प्रथम (कला एवं विज्ञान) की नियमित अध्ययनरत छात्राओं की आगामी 28 नवम्बर को प्रस्तावित मिडटर्म परीक्षा को लेकर 22 नवम्बर तक छात्राओं को विषय वार अपने-अपने असाइनमेन्ट जमा करवाने होगें। प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंह ने बैठक आयोजित कर सभी संकाय सदस्यों को आवश्यक निर्देश दिये। प्रो. जगराम गुर्जर ने बताया कि जो छात्रा परीक्षा में अनुपस्थित रहेगी वह प्रथम सेमेस्टर मुख्य परीक्षा में नहीं बैठ सकेगी।

फरार अपराधी गिरफ्तार, चोरी का सामान जब्त

बाड़ी (सीमा संदेश संवाददाता)। डीजीपी उमेश मिश्रा, आईजी रुपिंदर सिंह, एसपी मनोज कुमार, अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र सिंह राजावत के निर्देश पर चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के अंतर्गत आगई थाना प्रभारी सुमेर सिंह ने अपनी टीम के साथ फरार चल रहे अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाकर आरोपी नरेंद्र पुत्र शिवराम उर्फ सियाराम मीणा निवासी मूंडपुरा को गिरफ्तार किया है। आरोपी मुकेश पुत्र भगवान सिंह गुर्जर निवासी पप्यारेकपुरा धौन्ध वन भूमि से अवैध पत्थर ब्लॉक को ले जाते हुए गिरफ्तार किया है वहां चोरी के सामान को जप्त कर लिया है।

भारत में निर्मित पहला ट्राइंफ हाईड्रोलिक घुटना अब बदलेगा जिंदगी

डॉ. अविनाश यादव ने हाईड्रोलिक ट्राइंफ घुटने का किया आविष्कार

सीमा संदेश संवाददाता

कोटपूतली। निकटवर्ती ग्राम शुक्लावास निवासी डॉ.अविनाश यादव ने भारत का पहला सफल हाईड्रोलिक ट्राइंफ घुटने का आविष्कार किया है। ट्राइंफ घुटना भारत का पहला ऐसा हाईड्रोलिक घुटना है, जो दुर्घटना एवं किसी अन्य कारणों से अपना पैर गंवा बैठे लोगों को फिर से एक नई जिंदगी प्रदान करेगा। डॉ. अविनाश पिछले 6 वर्षों से इस आविष्कार पर निरंतर रिसर्च कर रहे थे। इस रिसर्च के दौरान डॉ. अविनाश से पूरणमल बंजारा ने स्थानीय लोगों के माध्यम से सम्पर्क किया। जिसका कोरोना काल में एक सड़क दुर्घटना में पैर कट गया था। पूरणमल ने डॉ. अविनाश को अपने हालात एवं परिस्थिति के बारे में बताया कि वह अपने परिवार में माता-पिता, पत्नी, तीन पुत्रियों एवं एक पुत्र के लिए एकमात्र आजीविका का सहारा था। लेकिन पैर गवां देने के बाद परिवार का भरण पोषण करना मुश्किल हो गया है। डॉ. अविनाश ने पूरणमल को बताया कि सफल अंतराष्ट्रीय हाइड्रोलिक पैर की कीमत लगभग 5 से 6 लाख आयेगी जो आपके लिए मुश्किल है। डॉ. अविनाश ने कोरोना काल में आश्वस्त किया जब भी मेरी रिसर्च सफल होगी तब मैं कोशिश करूंगा कि सबसे पहले इसके द्वारा आपको ईलाज मिले जो की पूर्ण हुआ। डॉ. अविनाश ने दीपवाली पर्व पर ग्राम शुक्लावास में युवा साथियों द्वारा चलाए जा रहे हेल्पिंग हैंड्स शुक्लावास व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से अपने मित्र भोमाराम गुर्जर स्थानीय जिला पार्षद एवं शुक्लावास के डॉ. आशु मीणा (आथोर्पेडिक सर्जन) दिल्ली, जांगिड़ फाउण्डेशन के संस्थापक राजेश शर्मा, सचिव विक्रम जांगिड़, मालाराम सैन, मनोहर गुर्जर, राजेश जोशी, महिपाल यादव, बोबी शर्मा, रामबाबू शर्मा, दाताराम यादव, जयसिंह सैन, जिलेसिंह राजपूत, महेंद्र जांगिड़ आदि के सानिध्य में पूरणमल बंजारा को ट्राइंफ हाड्रोलिक घुटना एवं रावली एनर्जेटिक फुट सौंपा जो पीड़ित को एक नई जिंदगी प्रदान करेगा। उल्लेखनीय है कि डॉ. अविनाश यादव देश की राजधानी दिल्ली में प्रैक्टिस कर रहे है।

सर्वसमाज के सहयोग से समर्थ व सशक्त कोटपूतली बनाना ही उद्देश्य : गोयल

सीमा संदेश संवाददाता

कोटपूतली। निर्दलीय प्रत्याशी मुकेश गोयल की जन आशीर्वाद यात्रा निरन्तर जारी है। गोयल ने शुक्रवार को कस्बे के विभिन्न वार्डो, भोला का भट्टा, बाढ़ की ढ़ाणी, कब्जा फैक्ट्री के पास, थाने के पीछे मौहल्ला बूचाहेड़ा, कृष्णा टॉकीज के सामने समेत ग्राम देवता, ओहदा की ढ़ाणी, बनार, गोनेड़ा, टोडी, केशवाना राजपूत, मलपुरा, मोरदा, पनियाला, कालूहेड़ा, बींजाहेड़ा, शेखुपुर, मोलाहेड़ा आदि गॉवों में जनसम्पर्क कर लोगों का आशीर्वाद प्राप्त कर आगामी चुनावों के लिए समर्थन मांगा। लोगों ने गोयल को फलों से तोलकर जीत का आश्वासन दिया।

इस दौरान मास्टर श्रीराम यादव, पूर्व सरपंच ओमीलाल बागोरिया, भूपसिंह यादव, सुधीर यादव, मनीष देवतीया, बलवीर यादव, राव मनोज, सुरेन्द्र चौधरी, सरपंच जगमाल यादव, शीशराम हवलदार, रमेश यादव, किरोड़ी लाल अग्रवाल, अशोक रावत, मांगीलाल पूर्व सरपंच, उमेश जोशी, जगमाल यादव, सुरेश योगी, भोमाराम गुर्जर, भगवानाराम स्वामी, फूलचन्द योगी, प्रकाश कुम्हार, अशोक अग्रवाल, रामनिवास यादव, हनुमान सरपंच, जयप्रकाश मास्टर, दीपचन्द नाई, सुभाष योगी, अशोक जांगिड़, महेश जांगिड़, हीरालाल शर्मा, लालचन्द गुरूजी, बाबूलाल सैनी, सुभाष यादव, छाजूराम गुर्जर, चन्दगीराम गुर्जर, बलवीर यादव, अशोक अग्रवाल, साहिल अग्रवाल, रविन्द्र मीणा, रतिराम, योगेश सिंह, अशोक सिंह, बाबूलाल सिंह, हनुमान सिंह, राजेन्द्र प्रजापत, राजेन्द्र भार्गव, इन्द्र सिंह, दयाराम प्रजापत, अनूप जोशी, डॉ. विकास, जयसिंह गुर्जर, धोलाराम आर्य, रामशरण सरपंच, हनुमान नेताजी, बिड़दाराम भगतजी, गोकुल कुम्हार, श्रीराम आड़वाणी, माडूराम आर्य, सुरेश ठेकेदार, महावीर जोशी, सुगन चन्द बाबूजी, महेश धानका समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

प्लास्टिक बैन पर आमजन को किया जागरूक

सीमा संदेश संवाददाता

चाकसू। शुक्रवार को नगर पालिका टीम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के दौरान नगर पालिका चाकसू क्षेत्र में स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली अभियान चलाकर लोगो को सिंगल यूज प्लास्टिक बैन के लिए जागरूक किया गया और अपने अपने क्षेत्र व घर में और आस-पास सफाई रखते के लिए प्रेरित किया गया और स्वदेशी चीजो का अधिक से अधिक उपयोग व उपभोग करने के लिए प्रेरित किया गया व शपथ दिलाई गई तथा मौजूद लोगो के हस्ताक्षर करवाये गये है। उक्त कार्य नगेन्द्र अधिशाषी अधिकारी के निर्देशानुसार सम्पादित किया गया। उक्त अभियान के दौरान मौके पर टीम में कुलदीप जोरवाल जेईएन, दीपक मीणा जेईएन, हंसराज मीणा कार्यवाहक स्वास्थ्य निरीक्षक, रोशन कुमार, सहायक अग्निशमन अधिकारी, अनिल कुमावत, कनिष्ठ अभियन्ता (एसबीएम), ऐजरा सोसन, महेन्द्र सुलानिया, राजू शर्मा, छोटेलाल गुर्जर, हिम्मत सैनी, जितेन्द्र कार्यवाहक जमादार, विजय, कार्यवाहक जमादार व सफाई कर्मचारी मौके पर टीम में मौदूज रहें है।

विकास व सुशासन की यात्रा अन्नत है, कोटपूतली में विकास जारी रहेगा: यादव

कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र सिंह यादव का जन विश्वास संवाद कार्यक्रम

सीमा संदेश संवाददाता

कोटपूतली। विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा चौथी बार प्रत्याशी बनाये गये गहलोत सरकार के उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव द्वारा क्षेत्र के विभिन्न गांवों व ढाणियों में शुरू किया गया जनसम्पर्क अभियान जन विश्वास संवाद कार्यक्रम निरन्तर जारी है। यादव ने गुरूवार शाम जहां ग्राम बींजाहेड़ा, खेड़की मुक्कड़, अमरपुरा नई कोठी व मोलाहेड़ा में जन संवाद किया। वहीं शुक्रवार को कस्बे के डाबला रोड, श्याम नगर, सुरदासवाली ढाणी, जगदीशपुरा, खेड़ा निहालपुरा, भोजावास, सरूण्ड, नारेहड़ा में जनसम्पर्क कर क्षेत्रवासियों से कांग्रेस पार्टी के पक्ष में वोट मांगे। यादव का ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत व अभिनंदन किया गया। जगह-जगह ट्रैक्टर व बाईक रैली के साथ यादव का अपार जोश एवं उत्साह के साथ युवा शक्ति ने स्वागत करते हुए कोटपूतली से कांग्रेस पार्टी की जीत की हुंकार भरी। विभिन्न स्वागत व नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित करते हुए यादव ने कहा कि कोटपूतली जिला बन चुका है, जिसका प्राथमिक ढ़ांचा एक जिले के रूप में अब तैयार होना है। इसके लिए एक विस्तृत कार्य योजना व भविष्य का खाका चाहिये, जिसकी तैयारी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जिला निर्माण की घोषणा के वक्त ही कर ली थी। अब हमें उन्हें मजबूती देनी है ताकि सही दिशा में नवगठित जिला कोटपूतली जा सकें। इस दौरान सभापति प्रतिनिधि एड. दुर्गाप्रसाद सैनी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया लाल सैनी व गोकुल चंद आर्य, पूर्व अध्यक्ष छीत्तरमल सैनी, हवलदार बिड़दी चन्द सैनी, मण्डी अध्यक्ष रमेश चंद सैनी, अमरसिंह सैनी, पीसीसी मेम्बर नरसी गुर्जर, रमेश सैनी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रवि यादव, विक्रम सिंह यादव फाईनेंसर, हीरालाल यादव, राजू भाई, करण सिंह गोपालपुरा, एड. अमीलाल यादव, एड. समर सिंह यादव, अंकित घोघड़ समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण व ग्रामीण मौजूद रहे।

हैरिटेज निगम सैल्फी प्वाइंट्स, गीत, नारे व बैनर के माध्यम किया करेगा आमजन को जागरूक

आयुक्त ने बुलाई व्यापार मण्डल, एनजीओ, स्ट्रीट वैंडर्स की बैठक

जयपुर(कासं.)। नगर निगम जयपुर हैरिटेज आगामी विधानसभा चुनाव के मध्येनजर 25 नवम्बर को होने जा रहे मतदान से पहले ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को मतदान करने के लिये जागरूकता कार्यक्रम सैल्फी पांइटस, गैराज शाखा के वाहनों व हूपरों पर मैं भारत हूं गीत व बैनर आदि आयोजित किये जायेंगे।

आयुक्त शेखावत ने शुक्रवार को मुख्यालय में व्यापार मण्डलों, एनजीओ, स्ट्रीट वैंडर्स एवं इंदिरा रसोई संचालकों व निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक कर सभी पक्षों को अपने-अपने स्तर पर ज्यादा से ज्यादा नागरिकों को मतदान के लिये प्रेरित करने का माहौल बनाने का सुझाव दिया। शेखावत ने निष्पक्ष व निर्भीक मतदान हेतु शपथ दिलाने के पश्चात कहा कि लोकतंत्र में हमारे मतदान से जनप्रतिनिधि चुने जाते हैं। सही जनप्रतिनिधि चुनने के लिए सही मतदान व शत-प्रतिशत मतदान जरूरी है। जरूरत है कि हम अपने मत का मौल समझे। शेखावत ने कहा कि हम लोग मतदान को पर्व की तरह लें। यह हमारा कर्तव्य भी है और अधिकार भी। अतः बिना किसी दबाव के मतदान प्रक्रिया में भाग लें व एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभायें।

बैठक में उपायुक्त सतर्कता एसके मैहरानियां, संजु पारीक, नूर मोहम्मद, कोशल कठूमरा, सरोज ढाका, उप निदेशक जन सम्पर्क मोती लाल वर्मा, उप निरीक्षक सतर्कता अनिल सिंह, डीपीओ एनयूएलएम अमित शर्मा सहित व्यापार संगठनों, स्वंयसेवी संस्थाओं एवं टाउन वैंडिग कमेटी के प्रतिनिधियों सहित निगम की सतर्कता एवं अग्निशमन शाखा के कर्मचारी उपस्थित थे।

पैरामिलिट्री फोर्स और पुलिस ने किया फ्लैगमार्च

बाड़ी (सीमा संदेश संवाददाता)। डीजीपी उमेश मिश्रा, आईजी रूपिंदर सिंह, एसपी मनोज कुमार के निर्देश पर कंचनपुर थाना क्षेत्र में पैरामिलिट्री फोर्स और पुलिस ने किया फ्लैग मार्च। इस दौरान सीआरपीएफ के कमांडर इंद्र मोहन नेगी, थाना प्रभारी योगेंद्र शर्मा ने मतदाताओं से रूबरू होकर कहा कि किसी से डरने की जरूरत नहीं है। 25 नवंबर को विधानसभा चुनाव में मतदान कर नई विधानसभा गठन करें। जो भी तुम्हें अच्छा प्रत्याशी लगे अपनी स्वेच्छा से मतदान करें। शत-प्रतिशत मतदान होगा तो निश्चित तौर पर आपके बूथ का नाम होगा। लोकतंत्र रुपी यज्ञ में डरना किसी से भी नहीं है। यदि कोई डराता धमकाता है तो पुलिस को सूचित करें।

3 दिन बाद भी लापता युवक का नही लगा सुराग

नाराज परिजन व ग्रामीणों ने पुलिस थाने में दिया धरना

सीमा संदेश संवाददाता

चाकसू। शुक्रवार को शिवदासपुरा इलाके से 3 दिन पूर्व लापता हुए युवक का कोई सुराग नहीं लग पाया है। वहीं पुलिस की कार्यशैली से नाराज परिजन व ग्रामीण पुलिस थाने पर एकत्रित हो गए और थाना परिसर में धरना दिया। उन्होंने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए। मिली जानकारी के अनुसार 13 नवम्बर को पिपलिया बाई का बाढ़ गांव से रामावतार मीणा लापता हो गया था। परिजनों ने कुछ लोगों पर अपहरण का संदेह भी जताया था और नामजद मामला दर्ज कराया गया था। 3 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस युवक का कोई सुराग नहीं लगा पाई है। इससे नाराज परिजन व ग्रामीणों ने थाने पहुंच कर विरोध प्रदर्शन किया। बाद में पुलिस ने ग्रामीणों को शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। जिस पर ग्रामीणों ने पुलिस को 2 दिन का अल्टीमेटम देकर धरना समाप्त किया। धरना स्थल पर राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री कन्हैया लाल मीणा व भाजपा विधायक प्रत्याशी बस्सी चंद्र मोहन मीणा सहित कई जनप्रतिनिधि साथ में मौजूद रहे।

कांग्रेस नगर मण्डल का प्रचार अभियान जारी

सीमा संदेश संवाददाता

कोटपूतली। विधानसभा चुनाव को लेकर मतदान का समय नजदीक आने के साथ-साथ प्रचार अभियान भी जोर पकड़ता जा रहा है। इसी क्रम में कांग्रेस नगर मण्डल द्वारा शुक्रवार को भी कस्बे के विभिन्न वार्डो में प्रचार अभियान जारी रहा। इस दौरान उत्तराखण्ड के पूर्व मंत्री व रूद्रपुर से विधायक तिलक राज बहेड़ के नेतृत्व में कस्बे के विभिन्न वार्डों में डोर टु डोर जनसम्पर्क कर कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र सिंह यादव के समर्थन में वोट मांगे। बहेड़ ने कहा कि जिला बन चुका कोटपूतली कस्बा आने वाले दिनों में एक आदर्श नगर की तर्ज पर विकसित होगा। कांग्रेस सरकार ने यहां सीवरेज लाईन, नगर परिषद, जिला अस्पताल, महिला थाना जैसी कई विकास की योजनायें दी है। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया लाल सैनी, पार्षद तारा पूतली, सोनू आर्य, कृष्ण कारोडिया, अनुराज वाल्मिकी, हजारी लाल सैनी, सीताराम सैनी, गौरव शर्मा, महावीर पोषवाल समेत अन्य कार्यकर्तागण मौजूद थे।

इस्तेहार हर खास व आम

न्यायालय सिविल न्यायाधीश महोदय, चिड़ावा, जिला झुंझुनूं (राज०)।
पीठासीन अधिकारी - नीतूरानी आर०जे०एस०।
दावा बाबत स्थाई निषेधाज्ञा, मु० संख्या - 49/2023

1. चौथमल पुत्र श्री सत्यनारायणं छिप्पी, उम्र 55 साल, जाति छिप्पी, निवासी वार्ड नम्बर 22 चिड़ावा, तहसील चिड़ावा, जिला झुंझुनूं (राज०)।
2. राजकुमार पुत्र श्री मालीराम मोदी, उम्र 55 साल, जाति महाजन निवासी वार्ड नम्बर 24 चिड़ावा, तहसील चिड़ावा, जिला झुंझुनूं (राज०)।
3. सन्दीप पुत्र श्री विश्वनाथ, उम्र 35 साल, जाति कुमावत, निवासी वार्ड नम्बर 22 चिड़ावा, तहसील चिड़ावा, जिला झुंझुनूं (राज०)।

- वादीगण

बनाम

1. महावीर पुत्र श्री नन्दलाल, जाति महाजन (जैन), निवासी वार्ड नम्बर 22 चिड़ावा, तहसील चिड़ावा, जिला झुंझुनूं (राज०)।
2. नितिन पुत्र श्री महावीर, जाति महाजन (जैन). निवासी वार्ड नम्बर 22 चिड़ावा, तहसील चिड़ावा, जिला झुंझुनूं (राज०)।
3. कुशल पुत्र श्री नन्दलाल, जाति महाजन (जैन), निवासी वार्ड नम्बर 22 चिड़ावा, तहसील चिड़ावा, जिला झुंझुनूं (राज०)।

- प्रतिवादीगण

वाद पत्र बाबत स्थाई निषेधाज्ञा सार्वजनिक सूचना

उक्त वादीगण ने न्यायालय में एक दावा स्थाई निषेधाज्ञा का प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि कस्बा चिड़ावा के नये वार्ड नम्बर 22 में एक कदीमी से सार्वजनिक चौक अल मशहूर होलिका दहन चौक स्थित है तथा उक्त सार्वजनिक चौक के साथ ही एक भोमिया जी का मन्दिर भी चौक के समय से है। उक्त सार्वजनिक चौक जब से कस्बा चिड़ावा आबाद हुआ है, तभी से यानी सैकड़ों वर्षों से भी अधिक समय से अविस्मरणीय काल से है। उक्त सार्वजनिक चौक में वादीगण व अन्य जनता अविस्मरणीय काल से ही बिना किसी बाधा के होलिका दहन करते आ रहे हैं और सार्वजनिक चौक के पास ही चौक के समय से अवस्थित भोमिया जी का मन्दिर भी स्थित है। जिस भोमिया जी के मन्दिर में भी वादीगण व वार्ड के सभी लोग व चिड़ावा के आम लोग नवविवाहित दम्पत्ति की प्रथम धोक अविस्मरणीय काल से लगातार पर पीढ़ी दर पीढ़ी लगाते हुये आ रहे हैं और कस्बा चिड़ावा में उक्त सार्वजनिक चौक में व पश्चिमी व दक्षिणी दिशा में स्थित भोमिया जी के मंदिर के अलावा अन्य कोई मंदिर भी नहीं है। इस प्रकार से वादीगण को करबा चिड़ावा के लोगों को उक्त सार्वजनिक चौक को होलिका दहन के लिए भोमियाजी मंदिर में नवविवाहित जोड़ों को प्रथम धोक लगाने व पूजा अर्चना करने का सुखाधिकार प्राप्त है और जिस सुखाधिकार का उपयोग व उपभोग वादीगण व अन्य जनता को उक्त कार्यों के लिए प्राप्त हो गया है और सार्वजनिक चौक को होलिका दहन करने, बैठने उठने व स्वच्छन्द विचरण करने का तथा भोमिया जी के मन्दिर में पूजा अर्चना करने, धोक लगाने आदि विभिन्न कार्यों से वंचित करने का प्रतिवादीगण को या अन्य किसी व्यक्ति को कोई अधिकार नहीं है। उक्त सार्वजनिक चौक व भोगिया जी का मन्दिर के पूर्व में प्रतिवादीगण की हवेली, पश्चिम में वादी चौथमल के मकान, उत्तर में आग रास्ता व दक्षिण में सुरेश गोयल का मकान व नोहरा तथा आई हॉस्पिटल है। अतः हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि उक्त वादीगण के पक्ष में दावा डिक्री करने में किसी को किसी प्रकार की भी कोई आपत्ति या ऐतराज हो तो वह स्वयं का अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 22-11-23 तक उपस्थित होकर ऐतराज प्रस्तुत करें। अन्यथा वादीगण के हक में प्रमाण पत्र जारी कर दिया जायेगा एवं एतराज समाहत नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 4-11-23 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर कार्यालय से जारी किया गया है।

न्यायालय के आदेश से
न्यायालय सिविल न्यायाधीश महोदय, चिड़ावा

OMKARA ASSETS RECONSTRUCTION Pvt. Ltd.

ओमकारा असेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: 9, एम.पी. नगर, प्रथम स्ट्रीट, कोंगु नगर एक्सटेंशन, तिरुपुर - 641607, फोन नं. 04212221144
कार्पोरेट कार्यालय: कोहिनूर स्क्वायर, 47वीं मंजिल, एन.सी. केलकर मार्ग, आर.जी. गडकरी चौक, दादर (पश्चिम), मुंबई - 400028. टेलि. 022-26544000

[परिशिष्ट-IV-A] [देखें नियम 8(1),8(6) और 6(2) के प्रावधान]
अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना

ई-नीलामी की तिथि : 07 दिसम्बर 2023

प्रतिभूतिकरण व वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(1), नियम 8 (6) व 6(2) के प्रावधानों के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

यहां जन सामान्य को एवं विशेष रूप से ऋणधारक(ों)/ जमानतदार(ों)/ बंधककर्ता(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लेखित अचल सम्पत्ति [(सुरक्षित आस्ति(यों)] सुरक्षित लेनदार के बंधक/प्रभार में है अर्थात **ओमकारा असेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड (ओएआरपीएल)** जो कि कंपनीज एक्ट 1956 के प्रावधानों के अधीन निगमित कंपनी एवं प्रतिभूतिकरण व वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) (''सरफेसी एक्ट,2002'')की धारा 3 के अधीन एक असेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी के रूप में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के साथ पंजीकृत, जिसका सीआईएन नं. U67100TZ2014PTC020363 एवं इसका पंजीकृत कार्यालय 9 एम.पी. नगर, पहली गली, कोंगु नगर एक्स्टेंशन, तिरुपर-641607 व निगम कार्यालय कोहिनूर स्क्वायर, 47वीं मंजिल, एन.सी. केलकर मार्ग, आर.जी. गडकरी चौक, दादर (पश्चिम), मुंबई - 400028 है,ओमकारा पीएस-26/2021-22 ट्रस्ट के ट्रस्टी की हैसियत में कार्यरत है के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में पूनावाल्ला हाउसिंग फाइनेंस लि. (पीएचएफएल)(जो पूर्व में मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस लि. के रूप में जानी जाती है) से अंतर्निहित प्रतिभूतियों के साथ ऋणधारक(ों)/सह-ऋणधारक(ों)/बंधककर्ता(ओं) के सभी अधिकार, स्वामित्व व समग्र बकाया का ब्याज 30.09.2021 को प्रतिभूतिकरण व वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 5 के अधीन सौंपे गये अनुबंध के अनुसार अधिग्रहित हैं।

इसके अलावा, सुरक्षित संपत्ति (यों) का भौतिक कब्जा सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है और उक्त आस्ति(यों) को नीचे उल्लिखित तिथि के आधार पर नीचे उल्लिखित ऋणधारक(ों)/जमानतदार(ों)/बंधककर्ता(ओं) से सुरक्षित लेनदार को देय बकाया राशि की वसूली के लिए 'जहां है जैसा है', 'जैसा है जो है' और 'वहां जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य, बयाना जमा राशि (ईएमडी) और अन्य विवरण नीचे दिए गए हैं।

ऋणधारक और सह-ऋणधारक का नाम	बकाया राशि रुपये में	डिमांड नोटिस की तिथि
1. मधु कंवर (ऋणधारक) 2. गोपाल कृष्ण गौड़ (सह-ऋणधारक)	25-06-2021 के अनुसार रु. 9,70,713/- भुगतान की तिथि तक आगामी संविदात्मक ब्याज और अन्य शुल्कों सहित।	एमएचएफएल द्वारा 25-06-2021; कब्जे की तिथि 09-02-2023
3. मुकेश (ऋणधारक) 4, गंगा बाई (सह-ऋणधारक)	19-04-2021 के अनुसार रु. 6,13,576/- भुगतान की तिथि तक आगामी संविदात्मक ब्याज और अन्य शुल्कों सहित।	एमएचएफएल द्वारा 19-04-2021; कब्जे की तिथि 08-02-2023

अचल संपत्ति का विवरण	आरक्षित राशि	ईएमडी
1. फ्लैट नंबर 304 ब्लॉक एफ, घर आंगन, गांव जैतपुरा, उर्फ हाजियावाला तह. सांगानेर जिला. जयपुर - 302029 कारपेट क्षेत्र 423.7 वर्ग फीट	रुपये 8,50,000/-	रुपये 85,000/-
2. फ्लैट नंबर 520 ब्लॉक एच घर आंगन गांव जैतपुरा उर्फ हाजियावाला तहसील सांगानेर जिला जयपुर 302029 कारपेट क्षेत्र 529.2 वर्ग फीट	रुपये 5,22,000/-	रुपये 52,200/-

निरीक्षण की तिथि और समय	दिनांक: 28-11-2023, प्रात : 11:00 - दोपहर 1:00
नीलामी की तिथि और समय	दिनांक: 07-12-2023, समय: सायं 03:00 - सायं 05:00
ईएमडी के भुगतान और बोली फॉर्म जमा करवाने की अंतिम तिथि	दिनांक: 05-12-2023, शाम 06:00 बजे तक
वृद्धिशील मूल्य	रु 10,000/-

1. इच्छुक बोलीकर्ता जिन्होंने ईएमडी जमा कर दी है और लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाने, डेटा अपलोड करने, बोली जमा करने, ई-बोली प्रक्रिया पर प्रशिक्षण आदि में सहायता की आवश्यकता है, वे ई-नीलामी सेवा प्रदाता ''मेसर्स सी1 इंडिया प्रा. लिमिटेड'', दूरभाष हेल्पलाइनः +91-7291981124/25/26, हेल्पलाइन ई-मेल आईडीः **support@bankeauctions.com** या श्री भाविका पंड्या, मोबाइलः 88666 82937 ईमेल - **maharashtra@c1india.com.** से संपर्क कर सकते हैं।
2. संपत्ति से संबंधित किसी भी पूछताछ या संपत्ति अनुसूची के निरीक्षण के लिए, इच्छुक व्यक्ति संबंधित प्राधिकृत अधिकारी-कल्पेश ओझा (मोबाइल - 9769825323), ई-मेलः **kalpesh.ojha@omkaraarc.com** या कार्यालय में उपरोक्त पते पर कार्यालय दिनों में कार्यालय समय में संपर्क कर सकते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया http://omkaraarc.com/auction.php में दिए गए लिंक को देखें

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) और 9(1) व 6(2) के अधीन विक्रय के लिए वैधानिक नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) और 9(1) तथा प्रतिभूतिकरण व वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन उक्त ऋण खाता के ऋणधारक(ों)/सह-ऋणधारक(ों)/बंधककर्ता(ओं) को यह नोटिस पन्द्राह (15) दिवस का आवश्यक नोटिस भी है, उन्हें सूचित किया जा रहा है कि उक्त तिथि व समय पर ई-नीलामी के माध्यम से हो रही बिक्री को रोकने के लिए सलाह दी जाती है कि यहां ऊपर उल्लेखित बकाया राशि लागत व खर्चों के साथ अदा कर आस्तियों को मुक्त करा सकते हैं। भुगतान में चूक की स्थिति में प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित लेनदार के विवेक पर प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(5) के अधीन निर्धारित ई-नीलामी के माध्यम से विक्रय की जाएगी।

हस्ता/-
दिनांक : 18-11-2023
स्थान : मुंबई

प्राधिकृत अधिकारी, ओमकारा असेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्रा. लि.
(ओमकारा पीएस 26/2021-22 ट्रस्ट के ट्रस्टी की हैसियत से कार्यरत)

CMYK